प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार दिनांक 16.11.2024

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–

1– नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो महिला सहित पांच माओवादी मारे गए।

2– छत्तीसगढ़ के चौदह शासकीय अस्पतालों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र।

3– रायपुर और बिलासपुर रेलवे स्टेशन कवच सुरक्षा तकनीक के दायरे में शामिल–इस प्रणाली के जरिए दो गाड़ियों के बीच आमने–सामने की टक्कर से बचाव सुनिश्चित होगा।

4– आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है।

.........................................................................

माओवादी–मुठभेड़

नारायणपुर जिले के उत्तरी अबूझमाड़ इलाके में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो महिला सहित पांच वर्दीधारी माओवादी मारे गए हैं। सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं, मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जवानों को बेहतर इलाज के लिए राजधानी रायपुर लाया गया है। जवानों की हालत खतरे से बाहर है।

मिली जानकारी के अनुसार अबूझमाड़ इलाके में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी, स्पेशल टॉस्क फोर्स–एसटीएफ और बीएसएफ की संयुक्त टीम तलाशी अभियान के लिए निकली थी। इस दौरान नारायणपुर और कांकेर जिले की सीमा पर जंगल में पहले से घात लगाए बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस

दौरान पांच माओवादी मारे गए। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से इंसास और सेल्फ लोडेड रायफल सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं।

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस उपलब्धि पर सुरक्षा बलों के जवानों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि नक्सल मोर्चे पर जवान बहादुरी से लड़ रहे हैं और वे छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

श्री शर्मा ने इस अभियान में शामिल सभी जवानों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की है। उपमुख्यमंत्री ने मुठभेड़ में घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उनकी वीरता की प्रशंसा की है।

.....................................................................

नवीन–कैम्प

इस बीच, बीजापुर जिले में नियद नेल्लानार योजना के तहत कोंडापल्ली क्षेत्र में नया सुरक्षा कैम्प बनाया गया है। इस कैम्प के स्थापित होने से माओवादियों के खिलाफ अभियान में मदद मिलेगी। साथ ही केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की मेडिकल यूनिट द्वारा कैम्प लगाकर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच और निःशुल्क दवाई का वितरण किया जाएगा।

.....................................................................

स्वास्थ्य सेवा–गुणवत्ता प्रमाण पत्र

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराने वाले छत्तीसगढ़ के चौदह शासकीय अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया है। इनमें दस आयुष्मान आरोग्य उप स्वास्थ्य केन्द्र, तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और एक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शामिल हैं।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गुणवत्ता आश्वासन के मानकों पर खरा उतरने वाले स्वास्थ्य केन्द्रों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार बेहतर हो रही है।

गौरतलब है कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के विशेषज्ञों की टीम ने पिछले महीने इन अस्पतालों में मरीजों के लिए उपलब्ध सेवाओं की गुणवत्ता के परीक्षण के बारे में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाण पत्र जारी किया है। केन्द्र की टीम ने अस्पतालों की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया था। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, इन्फेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन और आउटकम जैसे पैरामीटर शामिल हैं। इन कड़े मानकों पर खरा उतरने वाले अस्पतालों को ही केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुणवत्ता प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं।

.....................................................................

<u>रेलवे–सुरक्षा</u>

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर, रायपुर, बिलासपुर और झारसुगुड़ा सेक्शन को कवच सुरक्षा तकनीक के दायरे में शामिल किया गया है। कवच प्रणाली द्वारा ऑटोमेटिक तकनीक के जरिए अब दो गाड़ियों के बीच आमने–सामने की टक्कर से बचाव सुनिश्चित होगा। इसके लिए निविदा आमंत्रित की गई है। इस परियोजना का अनुमानित मूल्य दो सौ बयानवे करोड़ रूपए हैं। निविदा आगामी पच्चीस नवंबर को खोली जाएगी।

इस परियोजना के तहत स्टेशन कवच उपकरणों की स्थापना, भवनों का निर्माण, टावरों की स्थापना और आप्टिकल फाइबर केबल बिछाने का प्रावधान शामिल हैं। साथ ही लो डेंसिटी नेटवर्क के लिए एक हजार पांच सौ तिरसठ रूट किलोमीटर क्षेत्र में कवच प्रणाली लागू करने के लिए विस्तृत इस्टीमेट को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

गौरतलब है कि कवच प्रणाली भारतीय रेलवे की एक उन्नत संरक्षा तकनीक है, जो ट्रेन संचालन को सुरक्षित और कुशल बनाने के लिए डिजाईन की गई है। इसका उद्देश्य दुर्घटनाओं को रोकना और रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।

.....................................................................

<u>केन्द्रीय राज्यमंत्री–बैठक</u>

केन्द्रीय आवास और शहरी राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज जांजगीर जिला मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान श्री साहू ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सांसद कमलेश जांगड़े भी मौजूद थी।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य का निर्वहन करने को कहा गया है। एक सवाल के जवाब में श्री साहू ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना में गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग में यदि कोई समस्या है, तो उसका समाधान किया जाएगा।

....................................................................

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष सोलह नवम्बर को प्रेस दिवस मनाया जाता है। उन्नीस सौ छियासठ में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के साथ पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

....................................................................

धान–जब्त

जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम जर्वे में खाद्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई कर एक व्यापारी के यहां से चार सौ तीन क्विंटल धान जब्त किया है।

जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि कलेक्टर ने बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत बिचौलियों पर कार्रवाई करने लिए खाद्य विभाग ने विशेष टीम बनाई है। टीम ने सूचना के आधार पर जर्वे के व्यापारी मणिशंकर यादव के यहां दबिश देकर वाहन से एक सौ बीस और गोदाम से दो सौ तिरासी क्विंटल धान जब्त किया है।

....................................................................

भाजपा–समिति

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने जशपुर जिले के मनोरा इलाके में आकाशीय बिजली गिरने से राजेन्द्र चोराट की मौत के बाद अंतिम संस्कार को लेकर हुए विवाद की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति बनाई है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा को समिति का संयोजक बनाया गया है। जबकि विधायक रेणुका सिंह, गोमती साय और रायगढ़ के सांसद राधेश्याम राठिया समिति के सदस्य होंगे। यह समिति सात दिन के भीतर जांच कर अपनी रिपोर्ट सौपेंगी।

....................................................................

विशेष ओलंपिक–चयन

नई दिल्ली में आगामी अट्ठारह से तेईस नवंबर तक आयोजित होने वाली एशिया–पैसिफिक ओलंपिक प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के छात्र मास्टर इबानन साहू का चयन बॉलिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मास्टर इबानन साहू प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए नई दिल्ली रवाना हो गया है। इससे पहले, इबानन ने बॉलिंग प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण और रजत पदक जीत चुका है। स्पेशल ओलंपिक एशिया–प्रशांत पैसिफिक खेलों से संबंधित है, जो बौद्धिक विकलांग एथलीटों की भागीदारी व्यक्ति विकास और समावेश का प्राथमिकता देता है। इबानन साहू की यह उपलब्धि न केवल उनके अभिभावकों और शिक्षकों बल्कि छत्तीसगढ़ के लिए भी गर्व का विषय है।

....................................................................

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''जशपुर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

मौसम

और अब पेश है मौसम का हाल..

प्रदेश में अब धीरे–धीरे ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वातावरण में नमी की मात्रा घटने और उत्तर से आने वाली शुष्क हवाओं के कारण न्यूनतम तापमान में गिरावट की दर बढ़ने की संभावना है। कल मौसम शुष्क रहेगा।

......................................................................

संक्षिप्त समाचार

और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार बेमेतरा जिले के साजा में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी टेकराम महेश्वरी को आज न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

– जांजगीर–चांपा जिले में अकलतरा थाना क्षेत्र के कोटमी सोनार रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

– ''छत्तीसगढ़ इको रेस्टोरेशन पॉलिसी'' पर आगामी अट्ठारह नवंबर को नवा रायपुर अटल नगर में दूसरी राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला में कई विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे।

– राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर द्वारा आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस, कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डेटा एनालिसिस–एआईसीटीए पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कल से शुरू हो गया है।

– रेलवे पुलिस ने पुरी–अहमदाबाद एक्सप्रेस से कल नौ लाख रूपए से अधिक मूल्य का गांजा बरामद किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>